

**जगन्नाथ जी के रथ पर सवार गणेश जी**

**भोपाल, 2 सितंबर.** श्री नवयुवक गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति पुराना कबाड़खाना भोपाल द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के रथ पर सवार गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा विराजमान की है.



**सिंहासन पर विराजमान प्रथम पूज्य भगवान**

**भोपाल.** पुराने शहर में जुमेराती के दयानंद चौक पर श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेशजी की आकर्षक प्रतिमा विराजमान की गई है, यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने पहुंच रहे हैं.



**लालघाटी : केदारनाथ मंदिर में विराजे बुद्धि विनायक**

**भोपाल.** लालघाटी चौराहे पर संस्था धर्म रक्षक के संरक्षण में भोपाल के राजा गणेश उत्सव समिति द्वारा केदारनाथ मंदिर का पंडाल बनाया गया, जिसमें श्रद्धालु भगवान केदार के साथ ही गणेशजी के दर्शन का लाभ ले रहे हैं.



**नंदी पर सवार भगवान गणेश जी**

भोपाल .पीर गेट के पास बड़ वाले महादेव मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की भव्य और आकर्षक प्रतिमा गणेशोत्सव समिति द्वारा विराजमान की गई है . यहां नंदी पर सवार की गणेशजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है .

# सीपीपीपी मॉडल से उपभोक्ता संघ होगा सशक्त

## सहकारिता मंत्री ने की राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की गतिविधियों की समीक्षा

**भोपाल, 2 सितंबर. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उपभोक्ता संघ को आर्थिक रूप से सशक्त और प्रासंगिक बनाने के लिये अभिनव कदम उठाने होंगे. संघ को पुनर्जीवित करने के लिये सीपीपीपी (को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल को अपनाया जाए, जिससे संघ की व्यावसायिक गतिविधियों में आधुनिकता और प्रतिस्पर्धात्मकता आ सकेगी.**



मंत्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता संघ को ग्लोबल मार्केट से जोड़ने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए. इसके अंतर्गत बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ कार्य करने की संभावनाओं को तलाशा जाए. उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संघ द्वारा संचालित उपभोक्ता केंद्रों को बहुउद्देशीय बनाया जाए, क्योंकि ये केंद्र शहरों की प्रमुख लोकेशन्स पर स्थित हैं और बड़े ब्रांड्स को जोड़ने के लिये आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं.

बैठक में मंत्री सारंग ने उपभोक्ता संघ की वर्तमान आर्थिक स्थिति, व्यवसाय, मानव संसाधन, और व्यवसाय वृद्धि की संभावनाओं की विस्तार से समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिये कि उपभोक्ता संघ को 'सहकारिताओं से सहकार' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रदेश की अन्य सहकारी संस्थाओं के साथ व्यवसायिक गतिविधियों को जोड़ने की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए.

खाद्यान्न उपार्जन से संबंधित आवश्यक सामग्रियों के प्रदाय के लिए उपभोक्ता संघ को नोडल एजेंसी नियुक्त करने के विषय पर भी चर्चा हुई. सुझाव दिया गया कि पैक्स और विपणन समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान उपार्जन में उपयोग होने वाली सामग्रियां विभिन्न जिलों में उनकी मांग के अनुसार उपभोक्ता संघ उपलब्ध कराए. इससे संघ को प्राप्त होने वाला मार्जिन उसकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा और साथ ही उपार्जन करने वाली समितियों को पूरे प्रदेश में गुणवत्ता युक्त सामग्रियां न्यूनतम मूल्य पर उपलब्ध हो सकेंगी. मंत्री सारंग ने विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये.

> मंत्री ने कहा कि सहकारी उपभोक्ता संघ को पुनः सक्रिय और प्रगतिशील बनाने के लिये हर स्तर पर ठोस और दूरगामी कदम उठाए जाएं. बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता डी.पी. आहूजा, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक उपभोक्ता संघ ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# बीएसएसएस में माइंडफुल पत्रिका का विमोचन

**भोपाल.** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ (बीएसएसएस) के मनोविज्ञान विभाग ने अपनी वार्षिक पत्रिका माइंडफुल का विमोचन किया. यह पत्रिका मनोविज्ञान, आशा, लचीलापन और समग्र सुख-समृद्धि की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई है. पत्रिका का लोकार्पण बीएसएसएस के प्राचार्य डॉ. फादर जॉन पी.जे. और उप प्राचार्य डॉ. सिस्टर लीमा जैकब की उपस्थिति में हुआ. इस अवसर पर डॉ.फादर जॉन पीजे ने कहा कि यह पत्रिका बीएसएसएस के उस मिशन को दर्शाती है, जिसमें शिक्षा को मानवीय मूल्यों और उत्कृष्टता के साथ जोड़ा गया है. पत्रिका का संपादन सहायक प्राध्यापक उदीता सिंह ने विभागाध्यक्ष डॉ. विनय मिश्रा के निर्देशन में किया. इस बार पत्रिका का विषय आशा और लचीलापन रखा गया है. इसमें छात्रों और शिक्षकों की रचनाएँ, विचार और अनुभव शामिल हैं, जो जीवन में मनोविज्ञान के महत्व को दर्शाते हैं.



# ओएनजीसी अफसर को भेल में तीन दिवसीय ट्रेनिंग

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 2 सितंबर. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने मंगलवार को ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के अधिकारियों के लिए अल्टरनेटर - ट्रबल शूटिंग और मेंटेनेंस एस्पेक्ट्स विषय पर तीन दिवसीय ग्राहक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया.**

यह कार्यक्रम मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (एचआर) और सुरेखा बंछोर, उपमहाप्रबंधक (एचआरडी) एवं एचओडी द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटित किया गया. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संकाय में शिशु पाल, वरिष्ठ प्रबंधक (टीएमई), उमेश कुमार सावले, तरुण के. कौशिक और वी.पी. सिलोरिया शामिल रहे. स्वागत भाषण में बंछोर ने प्रशिक्षण मॉड्यूल की रूपरेखा प्रस्तुत की और इसके फील्ड संचालन में महत्व पर प्रकाश डाला. उद्घाटन संबोधन में टी.यू. सिंह ने ओएनजीसी को बीएचईएल का प्रतिष्ठित ग्राहक बताते हुए गुणवत्ता युक्त उत्पाद और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई.

